दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 282 इंदौर, शनिवार 22 अप्रैल, 2023 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

- Weather: मध्य भारत समेत इन जगहों पर बारिश के आसार, कहीं लू का सितम
- अतीक-अशरफ हत्याकांड में नया खुलासा: शूटरों की मदद कर रहे थे दो हैंडलर, हत्या की रात और एक दिन पहले भी थे साथ
- सनसनीखेज खुलासा: बेटे असद अहमद के संपर्क में था अतीक-अशरफ को मारने वाला अरुण, सामने आया चौंकाने वाला कनेक्शन
- Karnataka Election: कांग्रेस उम्मीदवारों के नामांकन को अयोग्य घोषित करने में लगी BJP, डीके शिवकुमार का आरोप

# दिग्विजय बोले-हे महाकाल! दूसरे सिंधिया कांग्रेस में पैदा न हों...

## ज्योतिरादित्य का जवाब- हे प्रभु! दिग्विजय जैसे देश विरोधी भारत में पैदा न हों

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। दिग्विजय सिंह ने कहा, ह्रहे प्रभु! हे महाकाल! दूसरे ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस में पैदा न हों। जवाब में सिंधिया ने इसी अंदाज में दिग्विजय सिंह पर पलटवार किया है। उन्होंने ट्वीट किया, ह्रहे प्रभु महाकाल! कृपया दिग्विजय सिंह जी जैसे देश विरोधी और मध्य प्रदेश के बंटाधार भारत में पैदा न हों।



शुक्रवार को उज्जैन पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि 15 महीने में हमारे धनाढ्य विधायक कमाई में लग गए और बिक गए। हमारे अनुसूचित जाति-जनजाति के विधायकों को भी ऑफर आए थे। उन्होंने 25-25, 50-50 करोड़ के ऑफर ठुकरा दिए, लेकिन बड़े-बड़े महाराजा बिक गए। आगामी चुनाव में विशेष ख्याल रखेंगे कि इस बार हमारा प्रत्याशी टिकाऊ हो, ना कि बिकाऊ।

दिग्विजय ने जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को हुई आतंकी घटना का जिक्र करते हुए कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी के बाद कहा था कि इससे आतंकी घटनाएं रुक जाएंगी। आतंकी हमले पहले घाटी में होते थे, अब जम्मू तक पहुंच गए हैं। 370 हटाने के बाद रक्षा मंत्रालय और गृह मंत्रालय के आंकड़े बता रहे हैं कि आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं।

### महाकाल मंदिर में अब दर्शन के रुपए लगते हैं

महाकाल लोक को लेकर दिग्विजय ने कहा कि इसके लिए कमलनाथ सरकार ने 350 करोड़ रुपए की मंजूरी दी थी। अब देखिए जो भी ठेकेदार आएगा, वो गुजरात का रहता है। ओंकारेश्वर में शंकराचार्य की मूर्ति का काम भी गुजरात के ठेकेदार को मिला है। पहले निःशुल्क दर्शन होते थे, अब गर्भगृह के 700, शीघ्र दर्शन के 250 और भस्म आरती के 200 रुपए लगते हैं।

### सीएम की 2100 घोषणाएं पूरी नहीं हुई-

दिग्गी ने सीएम शिवराज पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 2100 घोषणाएं कीं, लेकिन इन पर अमल नहीं हुआ। इसकी सूची जल्द आपको दी जाएगी। वहीं प्रदेश पर बढ़ते कर्ज को लेकर उन्होंने कहा- मैंने मुख्यमंत्री पद छोड़ा था, तब प्रदेश पर 23 हजार करोड़ रुपए का कर्ज था। अब 3.50 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है।

### पटवारी ने लिखा- महाकाल आप तो सच के साक्षी हैं

सिंधिया के ट्वीट के बाद कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी उन पर जवाबी हमले शुरू कर दिए। पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने उन्हें जवाब देते हुए लिखा- हे महाकाल! आप तो सच के साक्षी हैं! जब लालचियों ने #लोकतंत्र की हत्या की थी! अब देखिए, सीनाजोरी भी कर रहे हैं!

## शिवराज का कमलनाथ पर हमला, बोले-

# अधिकारियों को न धमकाएं, कांग्रेस ने किया पलटवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। प्रदेश में इस साल होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच सियासी जंग लगातार तीव्र होती जा रही है। विरोधी नेताओं पर खूब शब्दबाण चलाए जा रहे हैं, जिन पर उतनी ही तेजी से पलटवार भी किया जा रहा है। शुक्रवार को भी यही हुआ जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमल नाथ पर आरोप लगाया कि वो अधिकारियों के खिलाफ धमकाने वाली भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। इस पर कांग्रेस ने तुरंत शिवराज का एक पुराना वीडियो ट्वीट करते हुए कहा कि धमकाने का काम दरअसल वो करते हैं।



शुक्रवार को प्रशासन अकादमी में नेशनल सिविल सर्विड डे कार्यक्रम के बाद सीएम शिवराज ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि कमल नाथ जी को पता नहीं क्या हो गया। देख लूंगा, निपटा लूंगा, आ रहा हूं..लोकसेवक को धमकाना किसी भी हालत में उचित भी नहीं है, नैतिक भी नहीं है। वो भी इंसान है उनका भी सम्मान होना चाहिए। मुंह में आया और कह दिया कि देख लूंगा। क्या देख लोगे? क्या ये भाषा उचित है। इसकी मैं निंदा करता हूं।

### कांग्रेस ने किया पलटवार-

मुख्यमंत्री का यह बयान सामने आने के बाद कांग्रेस की ओर से इस पर पलटवार किया गया। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता पीयूष बवेले ने ट्विटर पर शिवराज का एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए लिखा- शिवराज जी, कमल नाथ अधिकारियों को धमकाते नहीं हैं, अत्याचार करने वालों को आगाह करते हैं। धमकाने का काम आप करते हैं।

### कोई कह रहा संगठन कमजोर, कोई बूथ कमजोर बता रहा

शिवराज ने कमल नाथ और दिग्विजय सिंह के पार्टी संगठन को लेकर दिए गए बयान पर भी चुटकी ली और कहा कि मुझे ये समझ में नहीं आता भावी मुख्यमंत्री, अवश्यंभावी मुख्यमंत्री सब हो रहे हैं, लेकिन कह रहे है संगठन कमजोर है। एक कहते है, बूथ मजबूत है। अब कमलनाथ जी या दिग्विजय सिंह जी कौन सही बोल रहे हैं? दोनों मिलकर फैसला करें।

### सूडान में फंसे व्यापारी को सुरक्षित निकालेंगे

सूडान में फंसे बैरागढ़, भोपाल के एक व्यापारी को लेकर सीएम शिवराज ने कहा- हमारे एक साथी सूडान में फंसे हैं। उनके लिए हम चिंतित हैं। भारत सरकार के भी संपर्क में हैं। हमारे जो अधिकारी जो दिल्ली में हमारा काम देखते हैं उनसे कहा है वे निरंतर संपर्क में रहें। मैं भी संपर्क में हूं। हम उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल कर लाएंगे।

# 50 नए बोरवेल होंगे और 70 नए मोटर पंप डाले जाएंगे

## नई लाइन डालने के लिए निगम ने जारी किए टेंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में पानी की किल्लत दूर करने में नगर निगम लगा है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में 50 बोरवेल करने के साथ 70 जगह नए मोटर पंप डाले जाएंगे। जिन क्षेत्रों में नर्मदा की पाइप लाइन नहीं है वहां पर नई लाइन डाली जा रही है। इसके साथ ही नल में गंदा पानी आने की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। जहां पर नए बोरवेल हुए है वहां पर भी सप्लाय लाइन डाली जाएगी।**

गर्मी के दिनों में शहर की कई कॉलोनियों में जलसंकट पैदा होता जा रहा है। नर्मदा की पाइप लाइन न होने से कई कॉलोनी-मोहल्लों के लोगों को बोरवेल या फिर टैंकर के भरोसे रहना पड़ता है। गर्मी में बोरवेल सूखने पर पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। नर्मदा लाइन में महीने में 15 दिन यानी एक दिन छोड़कर पानी आता है और कभी कभी गंदा पानी आता है। सीएम हेल्पलाइन से लेकर मोबाइल एप 311 पर सबसे ज्यादा शिकायतें पानी को लेकर रहती है। इसमें लोगों को पानी न मिलने, गंदा पानी आने और बोरवेल खराब होने सहित नर्मदा पाइप लाइन लीकेज होने की शिकायत रहती हैं।

### ● जारी कर दिए हैं टेंडर

इधर, शहर के उन क्षेत्रों में नर्मदा की नई पाइप लाइन डाली जाएगी जहां पर नहीं है। इसके साथ ही नर्मदा की पाइप लाइन जर्जर होने पर नल में गंदा पानी आने की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। जहां पर नए बोरवेल हुए है वहां पर भी लाइन डाली जाएगी। इन कामों को करने के लिए निगम जलप्रदाय विभाग ने टेंडर जारी कर दिए हैं। साथ ही यह काम पूरा करने की तय समय सीमा 4 से 5 महीने रखी गई है। लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने के लिए सप्लाय पाइप लाइन डालने सहित लाइन जोड़ने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यों के साथ पूर्ण करने का टेंडर किया गया है।

### ● यहां डाली जाएगी नई पाइप लाइनें

जोन 3 के वार्ड 58 में सदर बाजार टंकी और सुभाष चौक टकी अंतर्गत आने वाले बड़वाली चौकी, जूना पीठा, मराठी मोहल्ला, अहिल्या पल्टन, इकबाल कॉलोनी, भिश्ती मोहल्ला, गरीब नवाज बस्ती, वार्ड 57 में मल्हार आश्रम टंकी क्षेत्र में अरिहत पार्क, राम बाग, गणेश कॉलोनी में नर्मदा और बोरवेल की पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसी तरह वार्ड 44 में नए बोरवेल से लाइन डाली जाएगी और फिर लोगों को कनेक्शन दिए जाएंगे वार्ड 60 में नॉर्थ तोड़ा व वेयर हाउस रोड पर और वार्ड 48 के मनोरमागज में शेख हतिम गार्डन के पीछे नर्मदा की पाइप लाइन डाली जाएगी। वार्ड 44 में सोमनाथ की नई चाल, नदिया नगर, आदिशक्ति मंदिर, सेठी नगर, छोटी खजरानी, कन्नू पटेल की चाल में, वार्ड 55 के विभिन्न क्षेत्रों और वार्ड 54 में पंचशील नगरए न्यू पंचशील नगर भील कॉलोनी, साटम पार्क, तुलसी रामनगर, तुलसी नगर, रेडियो कॉलोनी, सूर्या सुखम, न्यू इंदिरा एकता नगर में नए बोरवेल से पाइप लाइन बिछाई जाएगी।

### अभी हैं 5800 बोरवेल

शहर में अभी 5800 बोरवेल है। इनमें निगम और सांसद व विधायक निधि से हुए बोरवेल शामिल हैं। इन बोरवेल का संचालन- संधारण निगम जलप्रदाय विभाग ही करता है। बिजली बिल की राशि भी निगम खजाने। से जमा होती है। शहर के कई बोरवेल ऐसे है जिन पर राजनीतिक लोगों का अधिकार रहता है। हालांकि गर्मी में इन बोरवेल में से 40 प्रतिशत के आसपास सूख जाते है और कई में पानी कम हो जाता है।

### 1.63 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे

शिकायतों का निराकरण करने के साथ पानी की किल्लत को दूर करने में निगम का जलप्रदाय विभाग लगा हुआ है। इसके लिए शहर की जलप्रदाय व्यवस्था के तहत विभिन्न क्षेत्रों में 150 एमएम व्यास के 50 बोरवेल किए जाएंगे। निगम इस काम पर 1 करोड़ 63 लाख 19 हजार रुपए से ज्यादा खर्च करेगा। यह बोरवेल शहर के उन क्षेत्रों में होंगे जहां पर पानी की बहुत ज्यादा किल्लत है। पाइप लाइन बिछाकर लोगों के घरों पर नल लगाकर सप्लाय किया जाएगा। नए बोरवेल करने के साथ शहर में पहले से 70 जगह पर हुए बोरवेल में नए मोटर पंप स्थापित किए जाएंगे 50 नए बोरवेल करने और 70 जगह मोटर पंप स्थापित करने के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं।

### समस्या होगी दूर

लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। यह देखते हुए ही नर्मदा की नई पाइप लाइन डालने से साथ नए बोरवेल से सप्लाय लाइन बिछाने के टेंडर जारी कर दिए है। यह काम होते ही कई वार्डों की कॉलोनियों मै पानी की किल्लत और गंदा पानी आने की समस्या दूर होगी। 50 जगह नए बोरवेल और 70 जगह नई मोटर पंप स्थापित करने के टेंडर भी जारी किए है।

**संजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी अधीक्षण, यंत्री, जलप्रदाय विभाग**

## अब स्पीड पोस्ट से घर आयेगा वोटर कार्ड, मोबाइल पर मिलेगा मैसेज

इंदौर। अब वोटर कार्ड के लिये आवेदन करने के बाद कलेक्ट्रेट और तहसील दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि अब घर बैठे स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाया जायेगा। पहले वोटर आईडी कार्ड पहुंचाने की जिम्मेदारी बीएलओ की हुआ करती थी, लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने डाक विभाग को यह जिम्मेदारी दी है। प्रदेश के सभी जिलों में अप्रैल माह से स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाये जायेंगे। इसके लिये वोटर्स को कोई फीस नहीं देना होगा। भारत निर्वाचन आयोग इसका खर्च उठायेगा। सिर्फ अब ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन वोटर आईडी बनवाने के लिये आवेदन करना होगा। ईपिक नंबर जनरेट होने के बाद घर कार्ड पहुंचा दिया जायेगा, लेकिन फॉर्म में सारी डिटेल्स सही भरना होगा। वोटर जो भी रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर फॉर्म में दर्ज करेंगे, उस पर स्पीड पोस्ट का मैसेज आयेगा। इससे कार्ड की ट्रेकिंग में आसानी होगी।

## कर्मकार श्रमिक पंजीयन कार्ड का नवीनीकरण करवाने की अपील

इंदौर। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिनके पंजीयन कार्ड की वैधता समाप्त हो चुकी है, उनसे अपील की गई है कि नवीनीकरण प्रक्रिया का पालन कर पंजीयन कार्ड नवीनीकरण अवश्य करवाएं। पंजीयन कार्ड के नवीनीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे मूल आवेदन, समग्र परिवार की जानकारी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो तथा विगत 1 वर्ष में 90 दिवस कर्मकार श्रमिक के रूप में नियोजित रहने संबंधी प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन स्थानीय लोक सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय के माध्यम से जमा कर सकतें है।

## चुनाव में अभिभाषकों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी 23 को

इंदौर। विधानसभा के आम चुनाव में अभिभाषको की भूमिकाविषय पर इंदौर में 23 अप्रेल रविवार को आयोजित संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करने के लिए राज्यसभा सांसद एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता द्वय कपिल सिब्बल, विवेक तन्खा के एवं पूर्व महाधिवक्ता शशांक शेखर 23 अप्रेल को इंदौर आ रहे है। आयोजन समिति के संयोजक अभिभाषक द्वय जय हार्डिया एवं अभिभाषक सौरभ मिश्रा ने सयुंक्त रूप से वार्ता में बताया कि उक्त विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ दिंनाक 23 अप्रैल को सुबह 11.00 बजे विद्यासागर स्कूल बिचौली मदार्ना,इंदौर पर होगा। आगे हार्डिया एवं मिश्रा ने जानकारी देते हुए संगोष्ठी के कार्यक्रम के साथ ही विगत वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त अभिभाषको को मुख्य अतिथि कपिल सिब्बल एवं विवेक तन्खा द्वारा सम्मानित किया जायेगा । संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप कपिल सिब्बल, विवेक तन्खा एवं शशांक शेखर रहेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं विधायक जीतू पटवारी, विधायक संजय शुक्ला मौजूद रहेंगे।

# जीवन को बेहतर बनाती हैं खेल भावना

## बिजली कंपनी की खेल स्पर्धाओं का पुरस्कार वितरण के साथ समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खेल के आयोजन में जीत हार की बजाए, खेल भावना का ज्यादा महत्व होता है। खेल भावना हमारे जीवन को श्रेष्ठ, बेहतर और संतुलित बनाती है। हमारे सभी के जीवन में खेल के लिए सहभागिता, समर्पण जरूरी होना चाहिए।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने ये विचार व्यक्त किए। वे शुक्रवार को पांच दिनी खेल महोत्सव के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे बोल रहे थे। श्री तोमर ने आयोजन समिति की समर्पित भावना की मुक्त कंठ से प्रशंसा की व अगले सत्र में आयोजन और बड़ा करने का आह्वान भी किया। श्री तोमर एवं मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य ने अन्य अधिकारियों के साथ क्रिकेट की विजेता टीम इंदौर संचारण संधारण वृत्त के कप्तान आकाश बंसल व टीम को ट्राफी भेंट की। क्रिकेट में उपविजेता टीम के कप्तान वरूण डामोर को भी टीम के साथ पुरस्कृत किया गया। क्रिकेट स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ बॉलर, बेट्समैन आदि को भी पुरस्कृत किया गया। बैडमिंटन में महिला युगल में मोनिका झनिया, सपना सिंह, महिला एकल में मोनिया झनिया, पुरूष 45 आयु वर्ग युगल में लोकेश भुमरकर, नरेंद्र सिंह सिसोदिया, एकल में लोकेश भुमरकर, 45 से उपर आयु वर्ग में प्रभात जोशी, राकेश उपाध्याय, एकल में प्रभात जोशी विजेता रहे। इसी तरह करम महिला वर्ग में माधवी गणपते प्रथम, रीतू नायक दूसरे , करम पुरूष में दुगार्शंकर दोलिया प्रथम, जितेंद्र पटेल दूसरे स्थान पर रहे। शतरंज में पुरूष वर्ग में गजेंद्र कुमार प्रथम, दीपक झरिया दूसरे स्थान, शतरंज महिला वर्ग में दीपा सर्राफ पहले, नैंसी जैन दूसरे स्थान पर रही। टेबल टेनिस पुरूष में कपिल भारती प्रथम, प्रदीप शर्मा दूसरे, आशीष भाटी तीसरे स्थान पर रहे। टेटे महिला वर्ग में श्वेता मंडलोई प्रथम, प्रीति शुक्ला दूसरे, रूपा कनोजिया तीसरे स्थान पर रही। सभी को सम्मानित किया गया। आयोजन में 15 जिलों के करीब 600 खिलाड़ियों की सहभागिता रही।

## सिंधी समाज ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद ....

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पिछले दिनों शहर के हुए पटेल नगर स्थित बेलेश्वर महादेव मंदिर में बावड़ी हादसे में अनेक श्रद्धालुओं की दु:खद मौत हो गई थी जिस पर निगम ने कार्यवाही करते हुए बावड़ी को बंद करने के साथ ही मंदिर भी ध्वस्त कर दिया था । शुक्रवार को विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ के साथ सिंधी समाज का प्रतिनिधिमंडल भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से मिला व गौड़ के साथ उनको मंदिर पुनः बनाने का धन्यवाद देते हुए एक बड़ा चित्र भेंट किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर पुनः बनाने के आदेश दिए थे जिससे कृतज्ञ होकर सिंधी समाज विधायक गौड़ के साथ मुख्यमंत्री से मिला । इस दौरान सिंधी समाज से सर्वश्री दयालदास ठाकुर , महेश कुकरेजा , हरीश डावानी , दयाल बजाज , कमलेश कालरा पार्षद , देवा तेजवानी , अशोक खुबानी ,ललित पारानी , महेश डलवानी , खेमचंद शादीजा , मयंक पमनानी , गोविंद पठेजा , सुनील वाधवानी , दीपक खत्री ,जीतू चेलानी , हरीश भाटिया सहित अन्य समाजजन मौजूद थे ।

# संबद्धता नहीं होने से रिजल्ट अटका, विद्यार्थी परेशान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संबद्धता नहीं होने से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने एमबीए पाठ्यक्रम संचालित करने वाले एक कालेज का रिजल्ट रोक दिया है। इसके चलते विद्यार्थियों को अपना परीक्षा परिणाम पता नहीं लग पाया है। रिजल्ट जारी करवाने के लिए छात्रा-छात्राएं विश्वविद्यालय में अधिकारियों के चक्कर लगाने को मजबूर है, क्योंकि चौथे सेमेस्टर में इन विद्यार्थियों को परीक्षा का फार्म भरने में परेशानी हो रही है। उधर विश्वविद्यालय ने कालेज को पत्र लिखकर संबद्धता से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।**

दिसंबर में एमबीए तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा करवाई गई। विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त 35 कालेजों में पढ़ने वाले 9 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए है। तीन महीने बीतने के बाद रिजल्ट जारी किया गया। मगर मथुरा देवी कालेज का रिजल्ट रोक दिया। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों का रिजल्ट अटका है। पंद्रह दिन से विद्यार्थी आए दिन विश्वविद्यालय के चक्कर लगा रहे है और कुलपति डा. रेणु जैन से भी रिजल्ट घोषित करने की मांग कर चुके है। कालेज की तरफ से विश्वविद्यालय को संबद्धता को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है।

मामले में दो मर्तबा कालेजों को पत्र भी लिखा है, मगर प्रबंधन की तरफ से जवाब नहीं आया है। इस बीच विश्वविद्यालय ने एमबीए चौथे सेमेस्टर में परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। बिना लेट फीस परीक्षा फार्म भरने की तारीख निकल गई है। मथुरा देवी कालेज के विद्यार्थियों ने फार्म अभी तक जमा नहीं कर पाए है। डिप्टी रजिस्ट्रार रचना ठाकुर का कहना है कि कालेजों ने संबद्धता नहीं प्राप्त की है। इसके चलते रिजल्ट जारी नहीं किया है।

### ● लेट होती है प्रक्रिया

संबद्धता के लिए कालेजों को सत्र शुरू होने से पहले आवेदन करना होता है। मगर विश्वविद्यालय में प्रक्रिया ही काफी देरी से शुरू होती है। ऐसे में कालेजों में प्रवेश शुरू हो जाते है। इस वजह से विद्यार्थियों को दाखिला दे देता है। संबद्धता नहीं होने के बावजूद कालेज के विद्यार्थियों को परीक्षा में बिठाना अनिवार्य है, लेकिन रिजल्ट जारी नहीं किया जाता है।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



# ट्रेन के सामने कूदा परिवार, पति-पत्नी और बेटी की मौत

## ● बेटा ट्रेन को आता देख भाग गया, बोला- पुलिसवालों ने पापा को धमकी दी थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**टीकमगढ़। टीकमगढ़ में एक परिवार कुरुक्षेत्र से खजुराहो जा रही ट्रेन के सामने कूद गया। पति-पत्नी और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बेटा ट्रेन को आते देख ट्रैक से भाग गया। घटना शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे की है। परिवार खरगापुर रेलवे ट्रैक पर सुसाइड करने पहुंचा था। मृतक के बेटे ने रोते हुए बताया कि पुलिसवालों ने पूरे परिवार को जेल में डालने की धमकी दी थी। इसलिए मम्मी-पापा और बहन ने ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी।**

ट्रैक के पास से गुजर रहे लोगों ने शवों को देखा। इसकी सूचना खरगापुर थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी नितेश जैन ने एफएसएल टीम और वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। एक शव के पास आधार कार्ड मिला, जिससे उसकी पहचान लक्ष्मण नामदेव (50) निवासी मातोल के रूप में हुई। पूछताछ में लोगों ने बताया कि दो शव लक्ष्मण की पत्नी रजनी (45) और उसकी बेटी विनी (13) के हैं। लक्ष्मण खेती करता था। पुलिस शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए ले गई है। एसपी रोहित काशवानी ने कहा कि सुसाइड के कारणों की जांच की जा रही है।

### पड़ोसी ने लगाया था चोरी का आरोप

पता चला है कि मृतक लक्ष्मण नामदेव का बेटा 3 दिन पहले पड़ोस में खेल रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले रिछारिया परिवार में चोरी हो गई। इस मामले में रिछारिया परिवार ने पुलिस में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी और लक्ष्मण के बेटे पर चोरी का आरोप लगाया था। पुलिस ने इसी मामले में उससे पूछताछ की थी। इसी दहशत में आकर आज लक्ष्मण ने अपने परिवार सहित खुदकुशी कर ली। हालांकि पुलिस इस पूरे मामले में कुछ भी बोलने से बच रही है।

# बहुत लठ दए, शाम तक बच जाएं, मुश्किल है...

## ● मौत से पहले चंबल पुलिस से बोला वारंटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड। भिंड पुलिस के हाथ लगे वारंटी की हिरासत में मौत हो गई। मामा के परिवार के लोगों पर उसे पीटने का आरोप है। दम तोड़ने से पहले उसने पुलिस से कहा- मुझे बहुत मारा है, मुझमें इतने लठ दए, अब का बताएं, अब शाम तक बच जाएं, मुश्किल है...। मामला दबोह थाना इलाके के कंअरपुरा नं-2 का है।**

पुलिस को वारंटी रिंकू विश्वकर्मा (48) की मारपीट की धाराओं में दो साल से तलाश थी। वह साधु बनकर यहां-वहां घूम रहा था। घटना से दो दिन पहले ही गांव आया था। पुलिस को उसके गांव आने का पता चला तो 19 अप्रैल को दबोह थाने से टीम उसे गिरफ्तार करने कुंअरपुरा पहुंची। उसने पुलिस को देखते ही हमला बोल दिया। डंडा मारकर एफआरवी गाड़ी का कांच तोड़ दिया और भाग निकला। इसके दूसरे दिन 20 अप्रैल को रिंकू का गांव की जमीन पर कब्जे को लेकर मामा के लड़कों से विवाद हो गया। आरोप है कि मामा के परिवार के लोगों ने उसे पीटने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस जब उसे मेडिकल जांच कराने के लिए अस्पताल लेकर पहुंची, उसने दम तोड़ दिया।

# पिता का लास्ट कॉल- अब जिंदगी से थक गया हूं..

## ● बेटी के इलाज में सबकुछ गंवाया; मौत के बाद अब उठ रहे मदद के हाथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना**। सुबह के करीब 4 बज रहे होंगे, पिता का फोन आया। मैंने कॉल उठाया तो उधर से आवाज आई, बेटा- अब जिंदगी से थक गया हूं। ये बात सुनकर मेरे होश उड़ गए। अनहोनी के डर से मैं सिहर उठी। रोते हुए उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन उनका फोन बंद हो गया। सुबह फिर उनकी मौत की खबर आई...

ये कहना है सतना की उस बेटी का। जो एक हादसे में अपने हाथ-पैर गंवा बैठी थी। पिता ने बेटी के इलाज के लिए अपना सबकुछ दांव पर लगा दिया। वह कर्ज में डूब गए। जब हालात असहनीय हो गए, तो ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। बेटी का कहना है कि पिता ने खूब संघर्ष किया। वे जिंदा थे तो कोई मदद को आगे नहीं आया। अब उनकी मौत के बाद मदद के हाथ उठ रहे हैं। अगर यही मदद पहले मिल गई होती तो शायद मेरे पिता की जान न जाती।

यह कहानी है ट्रांसपोर्ट नगर में रहने वाले प्रमोद कुमार गुप्ता (55) की। उन्होंने मुख्त्यारगंज रेलवे फाटक के पास रेल ट्रैक पर ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी थी। वे रात करीब साढ़े 10 बजे घर से निकले थे। अलसुबह करीब 4 बजे बेटी अनुष्का (21) को आखिरी फोन किया था। पिता की बात सुनकर बेटी ने चाचा और पिता के दोस्तों को कॉल लगाया। सभी उन्हें तलाश रहे थे कि मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक पर किसी के कटने की खबर आई। पुलिस पहुंची और शव की शिनाख्त प्रमोद कुमार गुप्ता के रूप में हुई।

# गुना में नाबालिग से रेप केस में नया मोड़

## ● पहले बहन और उसके प्रेमी को फंसाया, अब आरोप- मामा ने किया रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** जिले के बजरंगगढ़ इलाके से 27 मार्च को दो सगी बहनें लापता हो गईं। इनमें एक बालिग और एक नाबालिग लड़की थी। पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज करायी और 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने दोनों को बरामद कर लिया। पुलिस उन्हें थाने ले आयी, जहां बड़ी बहन ने कहा कि वह अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। वह परिवार वालों को साथ जाने तैयार नहीं हुई और अंततः वह अपने प्रेमी के साथ चली गयी। छोटी नाबालिग बहन को परिवार वालों के हवाले कर दिया गया। इस मामले में अब नया ट्विस्ट उस समय आया, जब नाबालिग लड़की अपने मामा के साथ एसपी ऑफिस पहुंच गई। उसने अपनी बड़ी बहन के प्रेमी और दो साथियों पर अपहरण और दुष्कर्म का आरोप लगाया। उसने अपनी बड़ी बहन पर भी सहयोग करने का आरोप लगाया। अब इस मामले में एक और नया मोड़ आया है। नाबालिग जिस मामा के साथ आवेदन देने गयी थी, उसी मामा पर रेप का आरोप लगाया है। नाबालिग ने कहा कि मामा ने उसे धमकाकर बड़ी बहन के प्रेमी पर रेप के आरोप लगाए थे। इस मामले में अब कोतवाली थाने में जीरो पर कायमी की गई है। केस डायरी अशोकनगर भेजी गई है।

**भागवत के बयानों पर शंकराचार्य निश्चलानंद बोलें-**

# छग में भागवत कहते है हिंदू राष्ट्र बनाएंगे

### दूसरे राज्यों में कहते है हिंदू राष्ट्र है, बातों पर स्पष्ट नहीं भागवत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। स्वामी शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती ने मोहन भागवत को लेकर बड़ा बयान दिया है। जबलपुर में पत्रकारों से बात करते हुए शंकराचार्य ने भागवत को आड़े हाथों लिया, उन्होंने कहा है कि मोहन भागवत अपनी बातों को लेकर स्पष्ट नही है, क्योंकि जब वह छत्तीसगढ़ जाते है तो वहां कहते है कि हिंदू राष्ट्र बनाएंगे लेकिन जब दूसरे राज्यों में जाते है तो वहां कहते हैं कि देश हिंदू राष्ट्र है, उनके इस तरह का बयान देने से पता चलता है कि वह अपनी बातों को लेकर स्पष्ट नही है।**

गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि संतों के मार्ग में कहीं कोई बाधा नहीं है, और जो सबका हित चाहते उनके आगे कोई बाधा नहीं होती है। उन्होंने कहा है कि सरकार के समर्थन न करने से संतों का कुछ नहीं बिगड़ता, हमें सरकार की चिंता नहीं है क्योंकि संतों के समर्थन से ही सरकार है, उन्होंने कहा है कि 18 माह पहले उन्होंने हिंदू राष्ट्र को लेकर अपना संकल्प दोहराया था, लेकिन उनकी मंशा बिना मार काट खून खराबे के हिंदू राष्ट्र बनाना है क्योंकि सभी के पूर्वज सनातनी हैं। गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर समुदायों को भड़काने और बांटने पर कहा कि फूट डालो और राजनीति करो पर काम राजनेता कर रहे हैं। उन्होंने नेताओं से राजनीति की परिभाषा बताने के लिए कहा, उन्होंने कहा है कि राजनीति दंड नीति क्षेत्र नीति धर्म नीति और अर्थ नीति राजनीति का पर्याय है।

फर्जी शंकराचार्य के मुद्दे पर भी स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने खुलकर बयान दिया है, उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी ,कांग्रेस और भाजपा ने अपने-अपने शंकराचार्य बनाए हैं। मुलायम सिंह ने अंगद नामक व्यक्ति को चार पीठ का शंकराचार्य बनाकर घुमाया, लालू यादव ने रमेश राम नामक व्यक्ति को शंकराचार्य बनाया।

# खंडवा सांसद प्रतिनिधि जगधने निकला स्थायी वारंटी

## एसपी ने गिरफ्तारी के लिए घोषित किया इनाम; पत्नी नप अध्यक्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा**। खंडवा एसपी सत्येंद्र कुमार शुक्ल ने पंधाना थानाक्षेत्र के 80 वारंटियों की सूची जारी की है। एसपी ने अधीनस्थों को इन वारंटियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। इसमें सांसद प्रतिनिधि प्रदीप जगधने का नाम भी शामिल है। उनके खिलाफ स्थायी वारंट जारी हुआ था लेकिन वे कोर्ट में पेश नहीं हुए। जगधने की पत्नी नगर परिषद अध्यक्ष भी है। पत्नी का पूरा काम जगधने ही संभालते हैं। कहने के लिए ये फरार वारंटी हैं लेकिन ये कभी बीजेपी की बैठक में तो कभी परिषद में घूमते नजर आते हैं। एसपी शुक्ल की नजर शहर के बाद अब पंधाना तहसील के बदमाशों पर पड़ी है। एसपी ने थाना प्रभारी से क्षेत्र के स्थायी वारंटियों की सूची बनाने के निर्देश दिए थे। जब एसपी के पास सूची पहुंची तो उन वारंटियों में बीजेपी नेता प्रदीप जगधने का नाम भी शामिल था। जगधने को हाल ही में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने अपना प्रतिनिधि भी नियुक्त किया है। पाटिल यदि कार्यक्रम या किसी बैठक में नहीं जा पाते हैं तो ऐसे में उनकी जगह जगधने उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए जाएंगे। हुआ भी यही कि कई कार्यक्रमों में वे सांसद की जगह पहुंचे।

# पहले से अधिक घातक हुआ लंपी संक्रमण

## ● बालाघाट जिले में 300 से अधिक पालतू जानवरों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट**। बालाघाट जिले में लंपी बीमारी अलग-अलग रूप ले रही है। 2022 की अपेक्षा 2023 में जिन मवेशियों को लंपी संक्रमण हो रहा है, उन मवेशियों में लंपी के सामान्य लक्षण के साथ ही नए लक्षण भी देखने को मिल रहे हैं, जिससे ये बीमारी मवेशियों के लिए पहले की तुलना में अधिक घातक साबित हो रही है।

### वायरस का नया वैरिएंट-

समझा जा रहा है कि वायरस के नए वैरिएंट के चलते ऐसा हो रहा है। महज दो माह भीतर(मार्च से अब तक) 300 से अधिक मवेशियों की मौत बालाघाट जिले में हो चुकी है। नए स्ट्रेन की पहचान के लिए विशेषज्ञों की टीम बालाघाट से सैंपल ले गई है। रिपोर्ट आने के बाद ही इस नए स्ट्रेन के बारे में जानकारी मिलेगी।



### बैल व हाट बाजार पर प्रतिबंध

बालाघाट जिले में धारा 144 लगाकर बैल बाजार, हाट बाजार के साथ ही सार्वजनिक स्थल, तालाबों में मवेशियों को ले जाने पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया है। जिले के 404 गांवों में बीमारी में फैल गई है। जिले में छह लाख से भी अधिक मवेशी हैं, जिन पर लंपी के नए स्ट्रेन का खतरा है।

### इनका कहना है-

लंपी बीमारी में इस वर्ष दिखाई दे रहे नए लक्षण को लेकर राज्य स्तरीय रोग नियत्रंण प्रयोग शाला की तीन सदस्यीय टीम ने सैंपल लिए है। सैंपल की जांच के बाद नए लक्षण की जानकारी मिलेगी। नए लक्षण में मृत्युदर अधिक है। रोकथाम के लिए डोर-टू-डोर सर्वे कर मवेशियों का उपचार किया जा रहा है।

# संपादकीय

## हमलों में कमी के आंकड़े

जबसे जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा छिना है, घाटी के लोगों में खासा आक्रोश है। सच्चाई यह भी है कि सरकार वहां के लोगों को अपने फैसले के पक्ष में सहमत कर पाने में सफल नहीं हो पाई है। वहां आम लोगों और हुकूमत के बीच दूरी बढ़ती गई है। संवाद का कोई सिलसिला रह नहीं गया है। रोजगार के नए अवसर पैदा नहीं हो रहे हैं और पारंपरिक रोजगार बाधित है। सरकारी आंकड़ों में बताया जाता है कि घाटी में सतत सघन तलाशी अभियान, आतंकियों को वित्तपोषण करने वालों की पहचान और उनके खिलाफ सख्ती के चलते आतंकवादियों की तादाद काफी कम हो गई है। आतंकवादी हमलों में कमी के आंकड़े भी पेश किए जाते हैं। मगर शायद ही कोई महीना गुजरता है, जब सुरक्षाबलों पर आतंकी हमले की कोई घटना नहीं होती। इसके समांतर घाटी में रह रहे बाहरी लोगों, खासकर कश्मीरी पंडितों को निशाना बना कर हमले किए जाते हैं। यह सब तब हो रहा है, जब सड़क मार्ग के रास्ते पाकिस्तान के साथ तिजारत बंद है, जो दहशतगर्दों तक हथियारों की खेप पहुंचने का बड़ा माध्यम मानी जाती थी। फिर सीमा पर चौकसी पहले से बढ़ी है और अत्याधुनिक उपकरणों से लगातार निगरानी की जाती है। फिर भी उनके पास हथियार, हथगोले और धन पहुंच रहा है, तो निगरानी तंत्र को और पुख्ता बनाने की जरूरत स्वतः रेखांकित होती है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों को पाकिस्तान की ओर से मदद मुहैया कराई जाती है। मगर पिछले सात-आठ सालों में जब वहां लगातार अलगाववादियों और दहशतगर्दों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन तक हथियार और पैसे की पहुंच रोकने के तमाम उपाय किए गए हैं। उनका समर्थन और वित्तपोषण करने वालों को सलाखों के पीछे डाला जा चुका है, उसके बावजूद क्या वजह है कि आतंकवादी न सिर्फ अपनी मौजूदगी बनाए हुए हैं, बल्कि सुरक्षा बलों को चुनौती भी देते रहते हैं। सरकार को इन पहलुओं पर नए सिरे से और व्यावहारिक ढंग से विचार करना चाहिए। इस सच्चाई से आंख नहीं फेरी जा सकती कि बिना स्थानीय समर्थन के आतंकवादी वहां बने रह सकते हैं। जिस दौर में स्थानीय लोगों ने आतंकवादियों को पनाह देनी बंद कर दी थी और वे उनका विरोध करने लगे थे, उस दौरान घाटी में आतंकवादी घटनाओं पर काफी हद तक लगाम लग गई थी।

# रंग-बिरंगे नाखून



एक बार की बात है, राजा कृष्णदेव राय के दरबार में एक बहेलिया आया। बहेलिये को देख राजा काफी खुश हुए, क्योंकि राजा को पशु-पक्षी बहुत प्यारे थे और बहेलिया एक रंग-बिरंगा सुंदर पक्षी दरबार में लेकर आया था। दरबार में आकर बहेलिया बोला, 'महाराज, मैं कल ही इस खूबसूरत और विचित्र पक्षी से जंगल से पकड़कर लाया हूं। यह बहुत सुरीला है और तोते की तरह बात कर सकता है। साथ ही यह मोर की तरह नाच भी सकता है। आपको पशु-पक्षी बहुत पसंद हैं, इसलिए मैं इस पक्षी को आपके पास बेचने के लिए लाया हूं।'

महाराज काफी खुश हुए और बोले, 'देखने में तो यह पक्षी खूबसूरत नजर आ रहा है। मैं इसे जरूर खरीदूंगा और तुम्हें उचित इनाम भी दिया जाएगा।' यह कहकर राजा ने बहेलिये को 50 सोने के सिक्के दिए और पक्षी को शाही बगीचे में रखने का आदेश भी दिया। यह देख तेनालीराम से रहा न गया और उसने उठकर कहा, 'महाराज मुझे नहीं लगता है कि यह पक्षी मोर की तरह नाच सकता है। मुझे तो यह भी लगता है कि यह पक्षी कई सालों से नहाया तक नहीं है।'

यह सुनते ही बहेलिया घबरा गया और रोने वाला मुंह बनाकर बोला, 'महाराज मैं बहुत ही गरीब बहेलिया हूं। पंछियों को पकड़कर और उन्हें बेचकर ही मेरा घर चलता है। जितना मैं पशु-पक्षियों को जानता हूं, उसे प्रमाण की जरूरत नहीं है और न ही शक किया जाना चाहिए। बेशक, मैं गरीब हूं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि तेनाली राम जी मुझे गरीब कहेंगे?'

यह बात सुनकर महाराज भी तेनाली राम पर नाराज हुए। उन्होंने तेनाली से कहा, 'क्या तुम अपनी इस बात को साबित कर सकते हो?'

इतने में तेनाली ने कहा, 'हां, महाराज मैं साबित कर सकता हूं।' ऐसा कहते हुए तेनाली एक जग में पानी भकर ले आए और पिंजरे में बंद पक्षी पर डाल दिया। ऐसा करते ही दरबार में बैठा हर कोई आश्चर्यचकित होकर पक्षी की तरफ देखने लगा। राजा भी पक्षी को देखकर चौंक गए।

तेनाली राम ने जैसे ही पक्षी पर पानी डाला, उस पर लगा सारा रंग उतर गया। पिंजरे में बंद पक्षी का रंग हल्का भूरा हो गया। राजा चौंक कर तेनाली की तरफ देखने लगे। तेनाली ने झट से राजा से कहा कि 'महाराज यह एक जंगली कबूतर है न कि कोई विचित्र पंछी।'

महाराज ने तेनाली से पूछा, 'तेनाली तुम्हें इस बात का कैसे पता चला कि इस पक्षी को रंगा गया है?'

तेनाली ने जवाब दिया कि 'महाराज बहेलिये के नाखूनों पर गौर करें। बहेलिये के रंगीन नाखून और पक्षी का रंग एक जैसा ही है। इस बात से यह पता चल जाता है कि बहेलिये ने पक्षी को रंगा था।' यह सब देखकर बहेलिया वहां से भागने ही वाला था कि सैनिकों से उसे पकड़ लिया। राजा ने उसे जेल में बंदी बनाने का आदेश दिया और उसके सोने के सिक्के तेनालीराम को दे दिए।

### कहानी से सीख

झूठ को चाहे जितना भी छिपाने की कोशिश की जाए, वो सामने आ ही जाता है। इसलिए, कभी भी झूठ बोलकर या लालच से किसी भी चीज की चाह न रखें।

# बदसूरत बत्तख



गर्मियों के दिन थे। शाम के समय एक बत्तख झील के पास ही पेड़ के नीचे अपने अंडे देने के लिए अच्छी जगह ढूंढी थी। उसने वहां पर पांच अंडे दिए। उसने देखा की उसके पांच अंडों में से एक अंडा सबसे बहुत अलग था। जिसे देखर वह परेशान रहने लगी। उसने अंडों से बच्चों के बाहर आने तक का इंतजार किया।

फिर एक सुबह उसके चार अंडों में से उसके चार नन्हें बच्चे बाहर आ गए। वो सभी बहुत सुंदर और प्यारे थे। लेकिन उसके पांचवें अंडे से अभी तक बच्चा बाहर नहीं आया था। बत्तख ने कहा कि यह पांचवें अंडे का बच्चा उसका सबसे सुंदर बच्चा होगा, तभी वह बाहर आने में इतना ज्यादा समय ले रहे है।

एक सुबह वह पांचवां अंडा भी फूट गया। उसमें से एक बदसूरत बत्तख का बच्चा निकला। बत्तख का यह बच्चे अपने बाकी के चारों भाई-बहनों से बहुत बड़ा और बदसूरत था।

यह देखर बत्तख मां बहुत उदास हो गई। उसे उम्मीद थी कि शायद कुछ दिनों बाद वह बदसूरत बत्तख भी अपने भाई-बहनों की तरह सुंदर हो जाएगा।

कई दिन बीत जाने के बाद भी वह बत्तख बदसूरत ही रहा। बदसूरत होने की वजह से उसके सारे भाई-बहन उसका मजाक भी उड़ाते थे और कोई भी उसके साथ नहीं खेलता था। वह बदसूरत बत्तख का बच्चा बहुत उदास रहने लगा।

एक दिन झील में अपनी परछाई देखते हुए वह बदसूरत बत्तख का बच्चा सोचने लगा कि अगर उसने अपने परिवार को छोड़ दिया, तो वो सारे बहुत खुश हो जाएं। वह किसी दूसरे जंगल में चला जाएगा। यही सोचकर वह किसी घने जंगल में चला गया। जल्द ही सर्दियों के दिन आ गए। हर तरफ बर्फ की बारिश हो रही थी। बदसूरत बत्तख के बच्चे को ठंड लग रही थी। उसके पास खाने-पीने के लिए भी कुछ नहीं था।

वहां से वह एक बत्तख के परिवार के पास गया, उन्होंने उसे भगा दिया। फिर वो एक मुर्गी के घर गया, मुर्गी ने भी उसे चोंच मारकर भगा दिया। उसी रास्ते में उसे एक कुत्ते ने देखा, लेकिन कुत्ता भी उसे छोड़कर चला गया।

बदसूरत बत्तख उदास मन से सोचने लगा कि वह इतना बदसूरत है कि कुत्ता भी उसे नहीं खाना चाहता है। उदास होकर वह बदसूरत बत्तख का बच्चा फिर से जंगल जाने लगा। रास्ते में उसे एक किसान दिखाई दिया। वह किसान उस बदसूरत बत्तख को अपने घर ले गया। वहां पर उसे एक बिल्ली परेशान करने लगी, तो वह वहां से भी भाग गया और फिर से एक जंगल में रहने लगा।

कुछ ही दिनों में बसंत का मौसम आ गया। अब वह बदसूरत बत्तख भी काफी बड़ा हो गया था। एक दिन वह एक नदी के किनारे टहल रहा था। वहां पर उसने एक सुंदर राजहंसी को देखा, जिससे उसे प्यार हो गया। लेकिन फिर उसे लगा कि वह एक बदसूरत बत्तख है इसलिए उसे वह राजहंसी कभी नहीं मिलेगी। शर्म से उसने अपना सिर झुका लिया।

तभी उसने नहीं के पानी में अपनी परछाई देखी और वह हैरान हो गया। उसने देखा अब वह बहुत बड़ा हो गया है और एक सुंदर राजहंस में बदल गया है। उसे यह एहसास हो गया कि वह एक हंस है, तभी ह अपने बाकी के बत्तख भाई-बहनों से काफी अलग था। जल्द ही उस बदसूरत बत्तख से राजहंस बने उस हंस ने हंसनि से शादी कर ली और दोनों खुशी-खुशी रहने लगे।

### कहानी से सीख

सही समय आने पर हर कोई अपनी सही पहचान कर सकता है। तभी वह अपने गुणों को पहचान कर अपने दुखों को दूर कर सकता है।

## Highlights

1. PM extends Eid-ul-Fitr wishes, says 'I pray for everyone's health'
2. Why are male politicians wearing pink heels to Canadian Parliament?
3. UFO seen flying over Middle East last year; US shares footage
4. 2,300 beer cans destroyed in Europe for using 'champagne of beers' slogan
5. PhysicsWallah to invest $10 mn in its offline verticle Vidyapeeth
6. Students not made to offer namaz: Hathras DM on controversy
7. Truck attacked in J&K was carrying fruits for Iftar event: Report
8. Father of Poonch martyr also died in line-of-duty in J&K: Family
9. Koko Da Doll, star of documentary on trans sex workers, shot dead at 35 in US

# India's economy remains resilient even as exports, unemployment dim outlook

**NEW DElHI, (Agency).** India's economic activity stayed resilient in March though the weakening pace of exports and an increase in unemployment dimmed the outlook for the country that's surpassing China as the most populous nation.



While the needle on a dial measuring the so-called Animal Spirits was unchanged at 5 for a third straight month, a jump in collections from taxes levied on consumption showed Asia's third largest economy was ticking along. That's the reading from the overall activity tracker comprising of eight high-frequency indicators compiled by Bloomberg. The readings come in the backdrop of the Reserve Bank of India pausing rates for the first time since May to evaluate the impact of 250 basis points in rate increases so far and to support growth. Retail and wholesale price-gains have eased on still-elevated rates, spurring calls for a longer pause. Last week, India's Finance Minister Nirmala Sitharaman said her government was making "enough efforts" to ensure the economy stays buoyant though she expressed concern over the OPEC output cut and impact of decisions related to Russia's war in Ukraine. Weakness in demand for manufacturing goods and services activity could be a drag on India's recovery, she added. Here are more details from the animal spirits barometer, which uses a three-month weighted average to smooth out volatility in single-month readings:

Purchasing managers' surveys showed manufacturing activity improved as pressure on supply chains eased on increased raw materials availability. Activity in services sector moderated in March from a 12-year high in the previous month, bringing the composite index down to 58.4 from 59 in February.

# Google CEO Sundar Pichai's pay soars over $200 million in 2022 amid cost-cutting

**NEW DElHI, (Agency).** The pay package awarded to Alphabet Inc. Chief Executive Officer Sundar Pichai soared to $226 million in 2022, boosted by a triennial stock grant, making him one of the world's highest-paid corporate leaders.



The stock award portion of his pay amounted to $218 million, according to a filing from the Google parent company Friday. He received a total of $6.3 million in compensation in 2021, when he didn't receive the grant, and his salary has remained steady at $2 million the past three years.

The 50-year-old CEO has been navigating a more competitive industry, with AI products such as the chatbot ChatGPT from startup OpenAI threatening to undermine Google's dominance in search. A broader tech slowdown also has taken a toll on the company, with its shares sliding 39% in 2022. Still, they've mounted a comeback in 2023, rising 19%.

Pichai's stock award comes on a three-year schedule, and he received a similarly sized package in 2019. That year, the executive was awarded $281 million. CEO compensation has become a particular touchy topic in the technology industry — especially after a wave of layoffs at Alphabet and other major companies. Apple Inc. CEO Tim Cook slashed his 2023 pay after drawing ire for making $100 million each of the past two years. Pichai's package put him well above other executives at Alphabet in 2022. Prabhakar Raghavan, the senior vice president of Google's knowledge and information, and Philipp Schindler, chief business officer, both took in about $37 million.

New Delhi

# सोशल मीडिया पर दोस्ती, फिर लिव-इन में की हत्या, कंधे पर महिला का शव लेकर 12 किमी दूर जाकर फेंका

नई दिल्ली। दिल्ली के करावल नगर थाना पुलिस ने महिला रोहिना नाज उर्फ माही की हत्या के मामले में सहमति संबंध में रहने वाले युवक की बहन पारुल चौधरी (29) को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस को युवक की बहन की साजिश में शामिल होने के साक्ष्य मिले हैं। मृतका युवक पर शादी का दबाव बना रही थी, इसलिए आरोपी ने उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी और दोस्त सहित मिलकर उसके शव को ठिकाने लगा दिया।



12 अप्रैल को करावल नगर के महालक्ष्मी विहार में एक घर के बाहर महिला रोहिना नाज उर्फ माही का शव मिला था। पोस्टमॉर्टम में महिला की गला घोंट कर हत्या करने की बात सामने आई। घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज में एक युवक महिला रोहिना नाज को कंधे पर उठा कर ले जा रहा था और उसके साथ एक महिला चल रही थी। इनकी पहचान विनीत और उसकी बहन पारुल के रूप में हुई। अन्य फुटेज खंगालने पर पता चला कि पारुल ने दो बच्चों के साथ तांगे में सामान शिफ्ट किया था। तांगे का चालक पुलिस को लोनी बॉर्डर तांगा स्टैंड में मिला। जिसकी मदद से पुलिस ने कांति नगर से पारुल को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में पारुल ने बताया कि विनीत और रोहिना साल 2019 में सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए मिले थे। उसके बाद से दोनों सहमति संबंध में रहने लगे। बागपत में 2017 में हुई एक हत्या के मामले में विनीत और उसका पिता 2019 में जेल गए चले गए। उसके बाद हरिद्वार की रहने वाली रोहिना दिल्ली में पारुल के पास आकर रहने लगी। 26 नवंबर 2022 को विनीत जमानत पर जेल से बाहर आया। उसके बाद से रोहिना उस पर शादी करने का दबाव बनाने लगी। अलग धर्म की होने की वजह से परिवार शादी के लिए राजी नहीं था।

12 अप्रैल को झगड़े के दौरान विनीत ने गला

New Delhi

## 6 साल से अपने ही भाई को ही डेट कर रही थी महिला! ऐसे हुआ चौंकाने वाला खुलासा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** हमें अपने आसपास कई लव-स्टोरीज सुनने मिल जाती हैं. इनमें से कुछ स्टोरीज ऐसी होती हैं जो यादगार बन जाती हैं. हाल ही में एक लव स्टोरी और सामने आई है जिसमें महिला ने अपनी लव लाइफ के बारे में बताया है. महिला ने अपना एक सीक्रेट बताते हुए बोला कि वह 6 साल से एक शख्स को डेट कर रही थी. जब उसने डीएनए टेस्ट कराया तो पता लगा कि वह उसका बायोलॉजिकल ब्रदर है. हालांकि महिला ने यह बात अभी अपने बॉयफ्रेंड को नहीं बताई है. माना कि यह मामला शॉकिंग है क्योंकि दुनिया में अरबों लोग हैं और अरबों लोगों में से वही एक लड़का उसका भाई कैसे निकला, इस बारे में लड़की का क्या कहना है? इस बारे में भी जान लीजिए. Dailystar के मुताबिक, एक महिला ने रेडिट पर एक ऑनलाइन पोस्ट में बताया कि वह लगभग 6 साल से एक शख्स को डेट कर रही है और वह उसका बायोलॉजिकल भाई निकला. महिला ने बताया 'मेरी उम्र 30 साल है और मेरे ब्रॉयफ्रेंड (बायोलॉजिकल भाई) की उम्र 32 साल है. मुझे एक फैमिली ने गोद लिया था और जब तक मैं हाई स्कूल में आई तक मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी.



Maharashtra

## मुंबई में हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, भोजपुरी एक्ट्रेस गिरफ्तार, 3 मॉडल रेस्क्यू की गईं

**मुंबई. (एजेंसी) मुंबई पुलिस ने एक हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है. इस मामले में छापेमारी के बाद एक भोजपुरी एक्ट्रेस को भी गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के मुताबिक सुमन कुमारी नाम की ये भोजपुरी एक्ट्रेस हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट में दलाल के तौर पर काम कर रही थी.**

कार्रवाई को मुंबई पुलिस की सोशल सर्विस ब्रांच ने अंजाम दिया है. पुलिस के मुताबिक उन्हें आरे कॉलोनी के इलाके में रायल पाम होटल में सेक्स रैकेट की जानकारी मिली थी. पुलिस ने एक फर्जी कस्टमर सुमन कुमारी नाम की भोजपुरी एक्ट्रेस के पास भेजा. सुमन कुमारी ने उस फर्जी कस्टमर से डील की, जिसमें उसने हर मॉडल के 50 से 80 हजार रुपए मांगे.

सुमन कुमारी ने पुलिस के फर्जी कस्टमर को आरे कॉलोनी में स्थित रॉयल पाम होटल भेजा. यहां मॉडल्स पहले से मौजूद थीं. इस दौरान पुलिस ने मौके पर ही पैसे लेते हुए सुमन कुमारी को गिरफ्तार कर लिया. होटल से 3 मॉडल्स को भी रेस्क्यू किया गया.

Karnataka

# वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने वाला गिरफ्तार बोला- भगवान का आदेश, मिलता था भोजन

**बेंगलुरु, (एजेंसी)**. रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने 16 अप्रैल को बेंगलुरु रेलवे डिवीजन में मलूर और त्याकल के बीच गुजरने वाली ट्रेनों पर पत्थर फेंकने के आरोप में एक 36 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी अभिजीत अग्रवाल मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। पुलिस पूछताछ में उसने दलील दी कि उसने ऐसा भगवान के आदेश पर किया, क्योंकि ऐसा करने से भगवान उसके लिए भरपेट भोजन की व्यवस्था करते हैं।



बीते 16 अप्रैल को बेंगलुरु रेलवे डिविजन में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी करने के आरोप में आरपीएफ ने अभिजीत अग्रवाल नाम के एक शख्स को गिरफ्तार किया। रेलवे अधिनियम की धारा 153 और 147 के तहत उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया और मलूर में न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया।

आरपीएफ के इंस्पेक्टर एसके थापा ने द एनआईई को बताया, ' रविवार दोपहर 3:45 पर मेरी टीम और मैं, सादे कपड़ों में, रेलवे पटरियों पर गश्त कर रहे थे। तभी हमने शख्स को पटरियों से पत्थरों का एक गुच्छा उठाते हुए देखा। वह गुजरने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने के लिए तैयार खड़ा था।'

उन्होंने आगे कहा, 'वंदे भारत समेत दो अन्य ट्रेनें कुछ ही देर में गुजरने वाली थीं। हमने उससे पहले ही उसे पकड़ लिया।"

खेल

# एमएस धोनी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड, बने टी20 क्रिकेट के नंबर-1 विकेट कीपर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2023 के 29वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया है। वह टी20 क्रिकेट में बतौर विकेट कीपर अब सबसे अधिक कैच पकड़ने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में साउथ अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक को पछाड़ा है जो आईपीएल में लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा हैं। धोनी ने यह खास उपलब्धि एसआरएच के कप्तान एडन मार्क्रम का कैच पकड़कर हासिल की। बता दें, इस मैच में चेन्नई ने हैदराबाद को 7 विकेट से धूल चटाते हुए सीजन-16 का अपना चौथा मुकाबला जीता।



पारी का 13वां ओवर लेकर आए महेश तीक्षणा की पांचवी गेंद पर मार्क्रम बड़ा शॉट खेलना चाहते थे, मगर इस जादुई स्पिनर ने हैदराबाद के कप्तान को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। ऐसे में गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर सीधा धोनी के दस्तानों में गई। इस कैच के साथ सीएसके के कप्तान टी20 क्रिकेट में बतौर कीपर सबसे अधिक कैच लेने वाले खिलाड़ी बने। धोनी अभी तक क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में बतौर विकेट कीपर 208 कैच लपक चुके हैं। उन्होंने इस लिस्ट में क्विंटन डी कॉक को पछाड़ा है जिनके नाम 207 कैच हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। धोनी के गेंदबाजों ने कप्तान के इस फैसले को सही साबित कर हैदराबाद की टीम को निर्धारित 20 ओवर में 138 रनों पर ही रोक दिया। एसआरएच के लिए सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सर्वाधिक 34 रन बनाए, वहीं सीएसके के लिए गेंदबाजी में रविंद्र जडेजा चमके जिन्होंने 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।

इस आसान से लक्ष्य को सीएसके ने 7 विकेट और 8 गेंदें शेष रहते हासिल कर लिया। डेवोन कॉन्वे ने इस दौरान चेन्नई के लिए 77 रनों की नाबाद पारी खेली। जडेजा को उनकी धाकड़ परफॉर्मेंस के लिए मैन ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

सिनेमा

## दर्शकों पर नहीं चला सलमान का जादू, 'किसी का भाई किसी की जान' को मिली बेहद फीकी ओपनिंग!




सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है. इस फिल्म को देखने के लिए फैंस बेहद उत्साहित थे. चार सालों के लंबे इंतजार के बाद सलमान खान ईद के मौके पर बड़े पर्दे पर नजर आए हैं. फिल्म के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी सामने आ गया है और खबर अच्छी नहीं है. शुरूआती रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान की फिल्म पहले ही दिन फुस्स हो गई है. 'किसी का भाई किसी की जान' को भारत में 4500 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया है. वहीं विदेशों में 1200 स्क्रीन्स इसे मिली है. इसके बावजूद ये सलमान खान की बड़ी रिलीज नहीं है. 'टाइगर जिंदा है' और 'भारत' जैसी फिल्में उनकी बड़ी फिल्में थीं. हालांकि 'किसी का भाई किसी की जान' का बजट और अपील इसे बड़ा जरूर बनाते हैं. इस फिल्म को मॉर्निंग शोज में एवरेज शुरुआत देखने को मिली है. बड़ी नेशनल चेन्स के अलावा सिंगल स्क्रीन से लेकर टू-टियर मल्टीप्लेक्स तक दर्शक इस फिल्म को देखने के लिए पहुंचे थे. लेकिन सलमान की नई फिल्म को एवरेज शुरुआत के बाद शाम तक मल्टीप्लेक्स में भीड़ भी मिली. ये एक प्री-ईद रिलीज है, जो कि नॉन हॉलिडे से भी कम कलेक्शन वाला दिन माना जाता है. लेकिन सलमान खान की स्टारपावर इतनी है कि उनकी प्री-ईद फिल्में भी हाउसफुल होती हैं.

# रैपर बादशाह का पुतला फूंका

## ●परशुराम सेना ने थाने के बाहर प्रकरण दर्ज करने को लेकर किया हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रैपर बादशाह के पुतले को जूते से पीटा, नारेबाजी की और पुतला फूंका। थाने के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और रैपर पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। ये प्रदर्शन श्री परशुराम सेना, इंदौर महानगर के पदाधिकारियों, संत, एडवोकेट द्वारा किया। शुक्रवार को पदाधिकारी एमजी रोड थाने के बाहर इक_ा हुए। रैपर बादशाह का पुतला तैयार किया गया। पुतला उठाकर रैपर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। रैपर के पुतले को पहले कान्ह नदी में बहाया जाने वाला था, बाद रैपर के पुतले की जूते-चप्पलों से मारा गया और नारेबाजी करते हुए पुतले को फूंक दिया। पुतला फूंकने के बाद पदाधिकारी एमजी रोड थाने के बाहर पहुंचे और टीआई को एक ज्ञापन सौंपकर रैपर बादशाह पर एफआई दर्ज करने की मांग की।



### पुलिस को सौंपा ज्ञापन

श्री परशुराम सेना, इंदौर महानगर द्वारा रैपर के खिलाफ एक ज्ञापन पुलिस को सौपा। जिसमें लिखा है कि रैपर गायक बादशाह द्वारा सनक नामक ऐल्बम,जिसमें उन्होंने गाना गया है साथ ही अश्लील शब्दों का प्रयोग किया है, गंदी बातें की है और धार्मिक भावनाओं के साथ अभद्रता की है। रैपर गायक बादशाह गाना गाते समय यह भूल गए की हिंदुस्तान की संस्कृति व धार्मिकता ईश्वर में बसती है और ईश्वर से बड़ा हिंदू समाज किसी को नहीं मानता है। रैपर गायक बादशाह ने गाने के अंदर जहां ईश्वर के नाम के साथ में गंदी गाली पर अभद्रता वाली बात कहीं है, जिससे उनके ऊपर धार्मिक भावनाओं के साथ अभद्रता की धारा 294, 109, 506 के तहत अपराध कायम किया जाना चाहिए।

### नहीं तो कोर्ट जाएंगे

संगठन के संयोजक अनूप शुक्ला ने कहा कि अगर शासन-प्रशासन यह अपराध में एफआई दर्ज नहीं करता है तो, संगठन द्वारा कोर्ट में आवेदन देकर प्रकरण दर्ज करवाया जाएगा। रैपर ने माफी नहीं मांगी तो आगे भी हर चौराहे पर रैपर का पुतले के साथ अभद्रता करते हुए पुतले फूंके जाएंगे।

मामले में एमजी रोड टीआई संतोष सिंह ने कहा कि परशुराम सेना द्वारा रैपर बादशाह के खिलाफ एक ज्ञापन दिया गया है। इस मामले में जो भी विधि संगत कार्यवाही होगी की जाएगी।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को 20 साल का कठोर कारावास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को विशेष न्यायालय ने 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने पीड़िता को प्रतिकर राशि के रूप में एक लाख रुपये दिलाए जाने की अनुशंसा भी की है।**

7 फरवरी 2017 को पीड़िता के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बेटमा में रहता है। उसकी बड़ी लड़की, जिसकी उम्र 16 वर्ष है, 6 फरवरी को सुबह 10 बजे स्कूल का बोलकर घर से निकली थी, लेकिन लौटी नहीं। स्कूल के प्राचार्य ने उसे बताया कि वह स्कूल नहीं पहुंची। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू की। 9 जून 2017 को पुलिस को पीड़िता मिल गई।

### पीडित्ता के बयान के आधार पर दुष्कर्मी को किया गिरफ्तार

पीडित्ता के बयान के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्मी संतोष उर्फ शांतिलाल पुत्र थानसिंह निवासी जिला धार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जिला लोक अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि विशेष न्यायालय ने प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए दुष्कर्मी संतोष उर्फ शांतिलाल को 20 वर्ष कठोर कारावास से दण्डित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक शिवनाथसिंह मावई ने की।

# नकदी और मोबाइल लूटा, आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लोडिंग वाहन चालक को बाइक सवार तीन बदमाशों ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए उसका मोबाइल और पर्स छिन लिया, जिसमें नकदी व अन्य सामान रखा हुआ था। वारदात लसूडिय़ा थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने वारदात के कुछ घंटों बाद कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धरदबोचा। पुलिस ने बताया कि हर्ष पिता शिवनारायण जाटव (22) कल शाम हर्ष जाटव पिता शिवनारायण जाटव उम्र 22 साल नि. 226 दुर्गा कालोनीगंज सीहोर का बेस्ट प्राईज के पास सर्विस रोड पर अपने लोडिंग गाडी आईशर के पास में खडा था तभी एक मोटर साईकिल पर आये तीन व्यक्ति लूट-पाट करने की नियत से ट्रक में चढ गये तथा फरियादी के साथ मारपीट कर चाकू दिखाकर फरियादी के दो मोबाइल एक मोबाइल विवो कंपनी तथा एक रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन लूट कर भाग गये । राहगीरों द्वारा इस संबंध में डायल 100 को सूचना दी गयी सूचना पाकर कुछ ही समय में डायल 100 एवं सर्किलगस्त अधिकारी सउनि राजेश कुमार जैन मौके पर पहुंचे तथा फरियादी के बताए हुलिये अनुसार घेराबंदी कर लूट के आरोपी 1.मेहमूब अली पिता मकसूद अली उम्र 19 साल नि. 57 हीना कालोनी खजराना इन्दौर 2.साबिर पिता रफीक कुरैशी नि. अम्मार मस्जिद के पास संचार नगर खजराना इन्दौर 3.मुबारिक पिता शेख चांद नि. हारून कालोनी खजराना इन्दौर को गिरफ्तार कर आरोपीयों के कब्जे से लूटे गये दोनों मोबाइल फोन एवं चाकू आदि बरामद किये गये , घटना के बाद भागते समय बदमाशों को गिरने पढऩे से कुछ चोट भी आई है आरोपीयो का पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड होना पाया गया है अन्य अपराधों में पूछताछ की जा रही है ।

### शांत क्षेत्र में अनावश्यक हॉर्न बजाने पर की कार्यवाही

**इंदौर**। वरिष्ठ थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक दिलीप सिंह परिहार के साथ क्यूआरटी टीम 31 के प्रभारी सूबेदार अमित कुमार यादव व टीम द्वारा मधुमिलन, एमवाय क्षेत्र में माइक से अनाउंस कर बेहतर यातायात प्रबंधन किया गया, साथ ही यातायात के नियमों का उल्लंघन कर आम जनमानस का जीवन संकट में डालने वाले वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही के दौरान ऐसी बसों पर भी कार्यवाही की गई जिनमें प्रेशर हॉर्न लगे हुए थे एवं वाहन चालक द्वारा अनावश्यक रूप से हॉर्न बजाकर आम जनमानस को कष्ट पहुंचाया जा रहा था।

# ब्राउन शूगर की तस्करी करने वाले चार आरोपी पकड़ाए

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच की टीम लगातार मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है इसी कड़ी में पुलिस के हत्थे चार तस्कर चढे। टीम ने आरोपियों के पास से करीब 4 लाख रूपए की &8 ग्राम ब्राउन शूगर बरामद की है। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शुभम नामक व्यक्ति अपने साथियों के साथ एसआर ग्रीन लवकुश चौराहे से चन्द्रगुप्त चौराहे तरफ जाने वाली सर्विस रोड पर ब्राउन शुगर को विक्रय करने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा है इस पर टीम ने घेराबंदी कर शुभम सिंह राजपूत निवासी इंदौर, विक्की निमजे निवासी इंदौर, रोहित कहार निवासी इंदौर और हिमांशु परेता निवासी इंदौर को पकड़ा। टीम ने इनके पास से &8 ग्राम ब्राउन शूगर बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों ने इंदौर सहित आसपास के क्षेत्र में ब्राउन शुगर की तस्करी करना कबूल किया है।

### मोबाइल लूटेरा गिर तार

इंदौर। क्राइम ब्रांच व खजराना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मोबाइल लूटने वाले लुटेरे को गिर तार किया है। गिरफ्त में आया आरोपी आदतन अपराधी है। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति सस्ते दामों पर मोबाइल बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। इस पर टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा और पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम शुभम वर्मा निवासी लसूडिय़ा बताया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके द्वारा मोटरसाइकिल से सवार होकर खजराना क्षेत्र में सिद्धि विनायक अस्पताल के पास सर्विस रोड पर दिनांक &0 मार्च को फरियादी के हाथों से झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया था। उसके खिलाफ खजराना थाने में प्रकरण भी पंजीबद्ध किया गया था। गिर त में आया आरोपी आदतन अपराधी है।

### युवक पर हमला

इंदौर। जूनी इंदौर पुलिस ने एक युवक पर कातिलाना हमले का केस दर्ज किया है। आरोपी ने विवाद किया और डंडे से हमला कर दिया इसके उनके सिर में गंभीर चोट आई है। राजकुमार शर्मा उर्फ देवा निवासी मालीपुरा को घायल हालत में एमवायएच लाया गया विवाद की सूचना पर पुलिस का दल भी वंहा पर पहुंच गया था। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह सपना संगीता रोड पर गया था। वंह पर यूनियन बैंक के पास आरोपी टिल्लू कुशवाह, बब्बी और वकार ने उसे रोक लिया। आरोपी वंहा से पहले से ही विवाद करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने डंडे से उसे पीटना शुरू कर दिया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है साथी योगेश और हरीश ने बीच बचाव किया इस पर आरोपियों ने धमकाया।

### पत्नी ने पीटा

**इंदौर**। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवकव को उसकी पत्नी ने पीट दिया। काम पर नहीं गया था इसी बात को लेकर पत्नी और बेटी से विवाद हो गया। सखाराम पिता गोविंद राव (42) निवासी श्रीराम नगर ने पुलिस को बताया कि वह काम पर नहीं गया था और छुट्टी रख ली थी। पत्नी योति आई और बोली कि तुम काम पर क्यों नहीं गए इसी बात पर पत्नी और बेटी से विवाद हो गया। पत्नी ने गाली गलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर दी गले में चोट लगने से खून निकलने लगा। इस पर दोनों ने उसे धमकाया कि घर से निकल जा नहीं तो तुझे जान से मार देंगे।

### पत्नी को पीटा

जानकी नगर में रनहे वाली महिला को उसके पति ने पीट दिया। प्रीति पति मोहित निवासी दुर्गा नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है उन्होंने पुलिस को बताया कि पति मोहित के किसी अन्य महिला से अवैध संबंध हैं जब पति अरौ सास से इस बारे में बात की तो उसे प्रताड़ित किया जाने लगा कुछ समय बात उसे पता चला कि उस महिला से पति को एक बेटी भी है जब उसने इसका विरोध किया जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

sponcership




दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।